'यदि विश्व के सभी राजनेता गायत्री मन्त्र का अर्थपूर्वक मनन करते तो विश्व में होने वाले विनाशकारी युद्धों और अनेकों असहनीय कष्टों एवं अत्याचारों को पूर्णतया टाला जा सकता था और करोड़ों लोगों के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता था।'

७ वैदिक धर्म प्रचारक महात्मा गोपालस्वामी सरस्वती, (नोयडा, उ०प्र०, भारत), ने निम्न लिखित संदर्भ प्रस्तुत किये :

- प्रज्ञाचक्षु गुरूवर विरजानन्द, महर्षि दयानंद सरस्वती, कविन्द्र रविन्द्रनाथ ठाकुर, लोकमान्य तिलक, डा० एस० राधाकृष्णन् आदि आधुनिक विद्धान गायत्री मंत्र की उपासना से धन्य हुए।

नोबल पुरुष्कार विजेता रविन्द्रनाथ ठाकुर ने लिखा हैं :

- 'यह सुगम मंत्र सम्पूर्ण भारत माता अर्थात् समस्त जनसमूह को जागृत कर देने वाला है। मेरी कल्पना में गायत्री मंत्र से बढकर कोई साधन नहीं है। यह ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठतम साधन है। शुद्ध अन्तःकरण से किया गया गायत्री मंत्र का ध्यान योग समान है। साधक इस मंत्र की साधना से ईश्वर को सर्वस्व समर्पित कर देता है। '

लोकमान्य तिलक के शब्दों में :

'यदि कुमार्ग का त्याग कर सन्मार्ग का अनुसरण करना चाहते हैं तो नित्य-प्रति गायत्री मन्त्र का जप कीजिए। गायत्री मंत्र के जप से दुर्व्यसनों और दुर्भावनाओं का नाश होता है तथा ईश्वर-प्राप्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा जागृत होती है।'

महान दार्शनिक डा० राधाकृष्णन् के विचारों में :

'गायत्री मंत्र नव जीवन प्रदान करने वाली एक अद्धितीय प्रार्थना है।'

6 During the late 20th century (1993), Jain Muni, saint Shri Sushāl Kumar, asserted that:
"If all the world leaders had meditated on Gāyaṭrī Manṭra and followed its spirit, then there would have been no wars. Thus, the miserable sufferings and the loss of millions of lives could have been averted altogether".

7 Vedic Dharma Pracharaka, Mahatma Gopal Swami Saraswati of Arya Vanaprastha Ashram, Noida, Gautambudha Nagar, U.P. India collected following additional historical quatations of well known personalities:
Blind Guru Swami Virjananada, Swami Dayananda Saraswati, Rabindranath Tagore, Lokmanya Tilak, and the former president of India, Dr S. Radha Krishanan, have all benefited through Gāyaṭrī Manṭra meditation by gaining wisdom. The renowned Nobel poet laureate Rabindranath Tagore stated:

- "This simple Manṭra has awakened Mother India. I have not known anything better than the Gāyaṭrī Manṭra. The Gāyaṭrī meditation is like Yoga in contemplating God. A devotee is able to establish communion with God. This closeness with God is easily achieved by the Gāyaṭrī Manṭra."

Lokmanya Balgangadhar Tilak stated:

- "If one wants to follow the right path and shun the wrong one, then recite Gāyaṭrī Manṭra. By reciting Gāyaṭrī Manṭra, the impurities of mind are cleansed- the person gets the inspiration as how to realize the Almighty God".

The great philosopher and former president of India Dr. Radha Krishnan stated:

- "The Gāyaṭrī Manṭra is a unique prayer that bestows new life".

६
तत्त्वविवेचन

१ ओ३म् :

'ओ३म्', ईश्वर अर्थात् ब्रह्म का नाम है। ईश्वर सृष्टि-रचयिता और सर्वपालक है। अतः वही एकमात्र उपासना के योग्य है। प्रत्येक मंत्र के पाठ से पूर्व ईश्वर के पवित्र और प्रमुख नाम ओ३म् का उच्चारण किया जाता है। ओ३म् की विस्तृत व्याख्या पुस्तक में आगे दी गई है।

२ महाव्याहृतियां :

गायत्री मंत्र में ओ३म् शब्द के पश्चात् प्रथम तीन शब्द 'भूः, भुवः, स्वः' महाव्याहृतियां कहलाती हैं। महाव्याहृतियां परमात्मा की महानता को प्रकट करने का पवित्र एवं दिव्य साधन हैं। ये तीन महाव्याहृतियां परमात्मा के विशेष गुण, स्वभाव, सत्ता तथा समग्रता का बोध कराती हैं, जिनसे परमात्मा के प्रति मन में दिव्य अनुभूति होती है।

३ अक्षर :

गायत्री मन्त्र गायत्री छन्द में लिखा है। गायत्री छन्द के तीन भाग (पाद) हैं तथा प्रत्येक पाद में आठ अक्षर हैं। अतः गायत्री में कुल चौबीस अक्षर हैं जैसा कि अगले अध्याय में दर्शाया गया है।

6
Parameters

1 Om:

To invoke God, or Brahman, one must use the word 'Om'. God is the primary cause of our existence and creation. Therefore, worship of God alone is due. Before the recitation of each Manṭra, the sacred and the principal name of God, 'Om' or 'AUM' is invoked. The full meaning of Om will be discussed in a later section of this book.

2 Mahāvyāhṛṭis:

The main body of Gāyaṭrī Manṭra is preceded by three Mahāvyāhṛṭis, namely, Bhuḥ, Bhuvaḥ, and Svaḥ. Mahāvyāhṛṭis are the special sacred divine expressions of God. These great descriptive and extraordinary parameters of God are primarily characterized as being life giver, benevolence, and blissfulness. Mahāvyahaṛṭiyas express the nature, qualities, and attributes of God.

3 Syllables :

In terms of literature, Gāyaṭrī Verse is prosody, or a meter, or a Chhanḍa. It has three steps or Pāḍa. Each Pāḍa or step contains eight syllables, and, hence, there are twenty-four syllables, as shown in the next chapter.

७
प्रस्तुतिकरण

गायत्री मन्त्र को गायत्री छंद में प्रस्तुत किया गया है। तथा गायत्री छन्द की कई रूपों में प्रस्तुति की जाती है। एक स्वर की न्यूनता होने पर निचृद् गायत्री छंद कहा जाता है। चौबीस स्वरों वाली गायत्री को आर्षी कहा जाता है और पच्चीस स्वरों वाली गायत्री को भूरिक् कहा जाता है। व्यावहारिक दृष्टि से निचृद्, आर्षी और भूरिक् गायत्री मूलतः एक ही है। इनका संरचनात्मक भेद ब्रह्मण्डीय संरचना को व्यक्त करता है (देखिए अ. १४)। जो अंतर ब्रह्मण्डीय ज्ञान-विज्ञान का वैज्ञानिक आधार है। जैसे अक्षरों की संख्या, संरचना के आधार पर गायत्री को विभिन्न स्वरों में गाया जा सकता है। यह गायन भी वेदों की श्रुति परम्परा को सुरक्षित रखने का एक अनुपम ढंग था।

तत्सवितुर्वरेण्यम् - ८ स्वर सहित अक्षर,

भर्गो देवस्य धीमहि। - ८ स्वर सहित अक्षर,

धियो यो नः प्रचोदयात् ।।-८ स्वर सहित अक्षर

ओ३म् का जप, महाव्याहृतियों का उच्चारण और गायत्री का पाठ ईश्वर-स्तुति की तीनों अवस्थाओं को अर्थात् स्तुति, प्रार्थना और उपासना को पूर्ण करता है। अतः गायत्री मंत्र को सद्बुद्धि प्राप्त कराने में सर्वश्रेष्ठ मंत्र माना गया है। गायत्री मन्त्र के महत्त्व को जीवन में समझ लेने पर श्रेष्ठ जीवन जिया जा सकता है।

7

Presentation of Gāyaṯrī Manṯra

Gāyaṯrī Manṯra is always presented in Gāyaṯrī meter. There are multiple presentations of Gāyaṯrī meter or Chhanḏa. When one syllable is reduced it is called Nichṛḏ Gāyaṯrī. When Gāyaṯrī meter contains twenty-four syllables, it is called Aṛṣī. When there are twenty-five syllables, it is called Bhūrik. For practical purposes these Gāyaṯrī presentations are the same; the differences refer to the scientific origin of the universe, (see chapter 14). Gāyaṯrī can also be sung in different musical notes depending on the number of syllables present. This was one of the ways that the oral transmission of Veḏas from one generation to the next was preserved.

Ṯaṯsaviṯur vareṇyam – Eight syllables,
Bhargo ḏevasya ḏhī mahi | - Eight syllables,
Ḏhiyo yo naḥ prachoḏayāṯ || - Eight syllables.

Invocation of OM, utterance of Mahāvyāhṛṯis and recitation of Gāyaṯrī fulfill all the three stages of the worship of God, namely praise, prayer, and communion. Therefore, Gāyaṯrī Manṯra is considered to be a superb Manṯra to attain the righteous intellectual faculties. These faculties lead to virtuous life, when one understands the meaning of Gāyaṯrī Manṯra in daily life.

सम्पूर्ण गायत्री मंत्र

संकट और दुःख की घड़ी में हमें किस शाश्वत सत्ता को याद करना चाहिए, इस हेतु गायत्री मंत्र अर्थसहित प्रस्तुत है :

ओ३म् भूर्भुवः स्वः ।
तत्सवितुर्वरेण्यं
भर्गो देवस्य धीमहि ।
धियो यो नः प्रचोदयात् ।।

ऋ० ३.६२.१०, यजु० ३६.३

ओ३म् - परमात्मा, भूः - प्राणस्वरूप, भुवः - दुःख दूर करने वाला, स्वः - सुखस्वरूप, सवितुः - सृष्टि - रचयिता, देवस्य - प्रकाशमान् परमात्मा के, तत् - उस, वरेण्यम् - वरणीय, भर्गः - श्रेष्ठ शुद्ध स्वरूप का, धीमहि - हम ध्यान करते हैं, यः - जो, नः - हमारी, धियः - बुद्धियों को, प्रचोदयात् - सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें।

हे परमेश्वर! आप प्राणस्वरूप, दु;खहर्ता, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, सुखस्वरूप, सर्वशक्तिमान्, सृष्टि रचयिता और सर्वपालक हैं। हम आपके शुद्ध विज्ञानमय, वरणीय, दिव्य ज्योतिःस्वरूप का ध्यान करते हैं। आप कृपया हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित कीजिए।

Complete Gāyaṭrī Manṭra is presented to remind ourselves ‘ whom to seek when we are in dire distress!’

OM BHŪR BHUVAḤSVAḤ|

ṬAṬSAVIṬUR VAREṆYAM

BHARGO ḌEVASYA ḌHĪMAHI | ḌHIYO

YO NAḤ PRACHOḌAYAṬ ||

Ṛgveḍa 3.63.10, Yajurveḍa 36.3.

Om : God, bhuḥ; : Giver of life; bhuvaḥ: Liberator from sorrow, Benevolence; svaḥ : Blissful; saviṭuḥ : Creator of the universe; ḍevasya : Divine, Resplendent; Ṭaṭ : That; Vareṇyam : Venerable; bhargaḥ : Effulgence, Brilliance; ḍhimahi : we meditate on; yaḥ : who, naḥ : our; ḍhiyaḥ : intellects; prachoḍayaṭ : to inspire, to illuminate.

Omnipresent, Omniscient, Almighty God is the Creator of the universe, Sustainer of life, Reliever of suffering, and Bestower of bliss. The resplendent effulgence and divine brilliance of God is pure and venerable. We pray and meditate to God, to inspire our minds and illuminate our intellect towards righteousness and benevolence.

८

ओ३म् का विस्तृत विश्लेषण

ओ३म् ईश्वर का सर्वप्रमुख नाम है। ओ३म् परमेश्वर की मुख्य विशेषताओं को दर्शाता है। परमेश्वर के मुख्य तीन कर्म हैं- इस संसार को बनाना, उसका पालन करना और उसका संहार तथा पुनर्निर्माण करना। ओ३म् शब्द में भी तीन अक्षर हैं- अ, उ तथा म्। प्रत्येक शब्द भाषाशास्त्र की दृष्टि से निम्नलिखित विशेषताओं को दर्शाता है :

अ- यह ईश्वर के सृजनात्मक गुणों को बताता है। यह ईश्वर के विभिन्न नामों जैसे अग्नि, विराट्, विश्व आदि को दर्शाता है। अग्नि शब्द की उत्पत्ति अंच् धातु से हुई है जिसका अर्थ गति और पूजा है। गति का अर्थ है ज्ञान, गमन और प्राप्ति। अग्नि भगवान् का सूचक है, क्योंकि ईश्वर ही सर्वज्ञ, उपास्य, जानने योग्य है। विराट् शब्द की उत्पत्ति वि उपसर्ग पूर्वक राजृ धातु से हुई है, जिसका अर्थ है- प्रकाशित करना। केवल परमेश्वर ही एकमात्र ऐसी सत्ता है जिसके तेज से समस्त ब्रह्मण्ड प्रकाशमान् होता है। विश्व शब्द की उत्पत्ति विश् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है- निवास करना। अतः विश्व का अर्थ ईश्वर है क्योंकि समस्त सांसारिक वस्तुएँ ईश्वर में समाहित हैं और ईश्वर उन सब में निवास करता है। 'अ' मानव-कण्ठ द्वारा उत्पन्न प्रथम स्वर है। अनेक भाषाओं का प्रथम अक्षर भी 'अ' है।

8
Detailed Analysis of Om/Aum

' Om/Aum' is the highest name of God. The word ' Om' explains the multifaceted attributes, qualities, and powers of God. The original Sanskṛṭ word ' Om/Aum' is made up of three letters ' A' , ' U' , and ' M' . Linguistically, each letter has the following significance:

' A' : A signifies the creative actions of God. It indicates the various names of God such as Agni, Virāt, and Viśva. The word Agni is derived from root ' Añch' which signifies Gaṭī and worship. Gaṭī means to know, to move, to receive. Agni connotes God, because God is All-Knowledge, Omniscient, and worthy of adoration. Virāt has originated from root ' Rj' with the addition of prefix ' Vi' . It signifies ' One who illuminates the Universe' . The word Vishwa derived from the root ' *vish*' . It means to reside. Vishva means God, because the entire world and the worldly objects dwell in God, and God resides in all of them.

' A' is the first sound and a vowel that human vocal cords can produce. ' A' or its equivalent sound is, also, the first letter of almost all languages of the world.

उ- यह ईश्वर की संरक्षणात्मक शक्तियों को प्रकट करता है तथा ईश्वर से सम्बद्ध विभिन्न अभिव्यक्तियों, जैसे हिरण्यगर्भ, वायु और तेज आदि को दर्शाता है। हिरण्यगर्भ शब्द की उत्पत्ति हिरण्य अथवा प्रकाश और गर्भ अथवा स्रोत से हुई है। अतः हिरण्यगर्भ का अर्थ एक ऐसी शाश्वत सत्ता हुआ जो कि समस्त संसार तथा सांसारिक वस्तुओं जैसे सूर्य आदि के लिए प्रकाश का स्रोत तथा आधार है। इस तथ्य की पुष्टि यजुर्वेद से भी होती है, जिसके अनुसार सृष्टि रचना के आरम्भ में एक हिरण्यगर्भ अर्थात् प्रकाश का केन्द्र था जो कि सृष्टि रचना का स्रोत बना। हिरण्यगर्भ ही सूर्य, पृथ्वी आदि की उत्पत्ति का आधार है। हम उस हिरण्यगर्भ अर्थात् कृपालु परमेश्वर की स्तुति करते हैं। 'वायु' शब्द की उत्पत्ति 'वा' धातु से हुई है, जिसका अर्थ है गति अथवा शक्ति देना। वायु का अर्थ एक ऐसी सत्ता है जो इस जगत् को प्राणशक्ति अर्थात् आधार देता है। यह सत्ता ही प्रलय का कारण है और सबसे अधिक शक्तिशाली है। तैजस् शब्द की उत्पति तैज् धातु से हुई है जिसका अर्थ चमकना या प्रकाशित करना है। तेज, एक ऐसी देदीप्यमान शाश्वत सत्ता है जो सूर्य आदि प्रकाशमान वस्तुओं को प्रदीप्त करता है। 'उ' का उच्चारण होठ खोलकर कण्ठ के मध्य भाग से किया जाता है।

म- ओ३म् का 'म्' सृष्टि की पुनर्रचना और ईश्वर की प्रलयकारी शक्तियों को प्रकट करता है। यह परमेश्वर के विभिन्न नामों जैसे ईश्वर, आदित्य और प्राज्ञ को दर्शाता है। 'ईश्वर' शब्द की उत्पत्ति ईश् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है 'समर्थ होना' अथवा 'ज्ञानार्जन'। ईश्वर एक ऐसी अद्वितीय सत्ता है जिसके ज्ञान और शक्ति की

'U' : U denotes the preservative powers of God. It indicates various expressions such as Hiraṇyagarbha, Vāyu, and Ṭaijas. Hiraṇyagarbha is derived from two words Hiraṇya, or Light, and Garbha, or source. Therefore, Hiraṇyagarbha means one who is the source and support of all light and luminous bodies such as the Sun. This is also substantiated by the Yajurveḍa, which says "In the beginning, there was Hiraṇyagarbha. 'The one source of illumination of the creation'. Hiraṇyagarbha is one who sustains the Sun and the earth. We worship Hiraṇyagarbha 'the all Blissful Being'. Vāyu is derived from the root 'V', meaning 'to move', or 'to activate'. Vāyu means One who is the life and support of the Universe, the cause of its dissolution, mightier than the mightiest. Ṭaijas originated from root 'Ṭej' meaning 'to shine' or 'to enlighten'. Ṭaij is the 'One who is resplendent and illuminates the Sun and other luminous bodies'. The sound of 'U' is produced by the combined efforts of the vocal cords and oral cavity, while the lips are still open. It is one of the vowels and is produced by the middle section of the human sound apparatus.

'M' : M of Aum represents the cosmic and dissolutive powers of God. This letter also signifies the other names of God such as Īśvara, Āḍiṭya, and Prājna. Īśvara originated from the root 'Īś' meaning 'to be powerful' or 'to know'. Īśvara is One whose knowledge and powers are infinite.

सीमाएं अनन्त हैं। 'आदित्य' शब्द की उत्पत्ति 'अ' उपसर्गपूर्वक दो अवखण्डनार्थक धातु से हुई है। 'अ' का अर्थ है- नहीं और 'दो' का अर्थ है- विनाश। तदनुसार आदित्य का अर्थ 'अमर' है। 'प्राज्ञ' शब्द की उत्पत्ति 'प्र' उपसर्गपूर्वक 'ज्ञा' धातु से हुई है। 'प्र' का अर्थ 'प्रकृष्ट' तथा 'ज्ञा' का अर्थ 'जानना' है। अतः प्राज्ञ का अर्थ ऐसी अपूर्व सत्ता से हुआ जिसका ज्ञान सम्पूर्ण है और जो सर्वज्ञ है । ध्वनि नियम के अनुसार यह अक्षर होंटो को बन्द करने से बिल्कुल पहले तथा ध्वनि की समाप्ति से पूर्व उच्चरित होता है।

अतः कोई भी समझदार व्यक्ति जो बोल सकता है, 'अ' - प्रथम अक्षर, 'उ' - मध्य अक्षर और 'म्' - अंतिम अक्षर की ध्वनि के संयोग से सुगमतापूर्वक ओ३म् का उच्चारण कर सकता है। साधारणतया 'अ' की ध्वनि तीन गुणा तथा 'म्' की ध्वनि एक बार बोलने से ओम् का शुद्ध उच्चारण होता है। ये तीनों ईश्वर द्वारा संसार के निर्माण, पालन एवं पुनर्निर्माण अर्थात् संहार को प्रकट करते हैं। जब आप ओ३म् कहें, तब मन में यह भावना रखें कि भगवान् सब ओर हैं और हमारी रक्षा कर रहे हैं।

गायत्री मंत्र का पाठ कर हम ईश्वर की स्तुति करते हैं। गायत्री मन्त्र के अर्थ के मनन करने पर और उसके अनुसार चलने पर, हम अपनी जीवन पद्धति को विकसित कर सकते हैं। अतः गायत्री मन्त्र को आत्मसात् करना सर्वज्ञ एवं सर्वव्यापक प्रभु की आनन्दमयी महिमा के साक्षात्कार की अनन्य विधि माना गया है।

The word ' Āḍiṭya, is derived from the prefix ' a' and root ' ḍo' . Prefix ' A' means not and ' do' means ' to break, or decay' . Āḍiṭya, is ' One who never dies or decays' . Thus Āḍiṭya means Immortal. Prājna is derived from prefix ' Pr' meaning perfectly and the root ' j×a' meaning to know. Therefore, Prājna means ' One Who is Omniscient and has perfect knowledge' . Phonetically, the ' M' sound is produced just before the sound production ends and lips are locked.

Correct pronunciation of Om is as follows:

Principle: The length of sound production of ' O' is three times the sound production of ' M' . In other words, continue the sound of ' O' three times (' O' x3), followed by sound of ' M' one time (' M' x1). Now one can easily express the proper pronounciation of Om/Aum as ' O' x3 + ' M' x1 = O3M. Any human being, who is capable of phonation can easily reproduce the sound of AUM, or Om as described above.

Invoke God by reciting Gāyaṭrī Manṭra, while realizing its meaning. This helps develop a life style in consonance with the teachings of Gāyaṭrī Manṭra. The realization of Gāyaṭrī Manṭra by the self is considered an excellent method to experience the supreme magnificence of the Omnipresent, Omniscient God.

निम्नलिखित तालिका में ओ३म् के भाषा-सम्बन्धी गूढ़ तत्त्वों को सरल रूप से प्रदर्शित किया गया है।

ओ३म्	अ	उ	म्
महाव्याहृतियाँ	भूः	भुवः	स्वः
आध्यात्मिक विशेषताऐं	अस्तित्व	स्र्वज्ञ/दुःखनाशक	आनंदस्वरूप
दिव्य विशेषताऐं	अग्नि उर्ज्ञा	वायु प्राण शक्ति	आदित्य ब्रह्मण्डीय शक्तिं
प्राण शक्ति	प्राण श्वास	अपान श्वास लेना	व्यान उच्छ्वास
मानसिक अवस्था	जागृति चेतनावस्था	स्वप्न अवस्था	सुषुप्ति गाढ निद्रा
आलंकारिक विशेषताएँ	ब्रह्म	विष्णु	महेश
ध्वन्यात्मक विशेषताऐं	प्रथम ध्वनि	मध्य ध्वनि	अन्तिम ध्वंनि
प्राकृतिक गुण एवं स्वभाव	रचयिता	संरक्षक	पुनः रचयिता/ विध्वंसकारी

ओ३म् का अर्थ बहुत विस्तृत है, किन्तु संक्षेप में इतना अर्थ स्मरण रखें सर्वशक्तिमान्, सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, संसार के रचयिता, पालनकर्ता, पुनः रचयिता अर्थात् संहारकर्ता तथा दयालु ब्रह्म है, जिनका मार्गदर्शन हम चाहते हैं।

The following table simplifies the complex linguistic components of Om/Aum :

Aum/Om	A	U	M
Mahāvyāhṛṯias	Bhūḥ	Bhuvaḥ	Svaḥ
Spiritual Characteristics	Being, life giver	Omniscient/ Benevolent	Blissful
Divine Characteristics	Agni Energy	Vāyu Breathing forces	Āḏiṯya Cosmic forces
Life forces	Prāna Breath	Apāna Inhale	Vyāna Exhale
State of Mind	Jāgriṯi Conscious-ness	Dream State	Suṣupṯi Deep sleep
Allegorical Characteristics	Barhmā	Viṣnu	Maheśa
Phonetic Characteristics	First sound of vocal cords	Middle sound of sound apparatus	Last sound of phonation
Natural Attributes	Creator	Preserver	Recreator/ Dissolver

Om stands for Almighty, Omnipresent, Omniscient, Omnipotent, Creator, Preserver, Protector, Re-Creator, and Dissolver of the universe, Merciful Brahman or God, whose guidance we seek.

६

महाव्याहृतियों एवं गायत्री का वर्णन

भूः सम्पूर्ण विश्व में जीवन का स्रोत ईश्वर है। प्राणस्वरूप तथा प्राणदाता परमेश्वर द्वारा प्रदत्त जीवनदायिनी शक्ति को 'भूः' कहा गया है। इसीलिए प्राणदाता परमेश्वर को भी 'भूः' कहा जाता हैं ।

भुवः ईश्वर की परम चेतना शक्ति को 'भुवः' कहा जाता है। परमेश्वर इस अनुपम शक्ति के द्वारा जीवमात्र के दुःख, कष्ट, पीड़ा और निराशा को दूर कर ब्रह्माण्ड को नियंत्रित तथा संचालित करता है। अर्थात् 'भुवः' दुःखों को दूर करने वाले परमेश्वर का सूचक है। ईश्वर साक्षात्कार के पथ पर चलकर हम सभी दुःखविहीन जीवन व्यतीत कर सकतें हैं।

स्वः परमेश्वर प्रदत्त परमानन्द 'स्वः' है। सृष्टि रचयिता, संचालक, जीवन प्रदाता, सर्वदुःखनाशक परमेश्वर परमानन्द से परिपूर्ण है। उस सुखस्वरूप प्रभु की कृपा से हम भी उसी परमानन्द की अनुभूति करें।

अतः परमेश्वर के विशेष गुणों को दर्शाने वाले भूः, भुवः और स्वः शब्दों के द्वारा हम परमेश्वर की स्तुति करते हैं।

9

Analysis of Mahāvyāhṛṭis and Gāyaṭrī

Bhūḥ : God is the source of all life in the Universe. The life giving energy provided by God is Bhūḥ. Therefore, the Life Giver, God, is also designated as Bhūḥ.

Bhuvaḥ : The absolute consciousness of God is Bhuvaḥ. God by the power of Bhuvaḥ controls and governs the universe by relieving pain and sorrow, miseries and suffering, grief and distress in life. So, God is also named as Bhuvaḥ. By staying on the path to realize God, may we be free from all miseries!

Svaḥ : The bliss of God is Svaḥ. The Creator and Controller of the universe, Life Giver, Reliever of all distress is full of bliss. May we enjoy that bliṣs by the grace of God!

By uttering these unique and specific words- **Bhuḥ, Bhuvaḥ, Svaḥ,** we invoke Almighty God with all inherent attributes.

ईश्वर के सभी स्वाभाविक गुणों को अनुभूत करने के पश्चात् हम भगवान् से प्रार्थना करते हैं, तत्सवितुर्वरेण्यम्, अर्थात् सविता देव, सृष्टि-रचयिता परमात्मा, आप हम सबको सद्बुद्धि और प्रेरणा देने वाले, वरणीय, वन्दनीय एवं सर्वश्रेष्ठ हैं। हम सुपथ पर चलने के लिए बुद्धि का प्रयोग करें।

वरेण्यम् इसके द्वारा हम ईश्वर की महानता को स्वीकार कर, स्वयं को उस एकमात्र वन्दनीय के प्रति समर्पित करते हैं।

भर्गो देवस्य धीमहि का उच्चारण कर हम उस देदिप्यमान, शुद्ध प्रकाशस्वरूप, सर्वज्ञ परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारे अज्ञान एवं दोषों को दूर करें।

धीमहि के द्वारा हम उस सर्वेश्वर का ध्यान कर प्रार्थना करते हैं कि हम सद्बुद्धि और तेज को धारण करें। अर्थात् हे सविता देव आपके भर्ग अर्थात् अनंत गुण और शक्तियों में से कुछ गुण और शक्तियाँ हमें भी प्राप्त हों। इन शब्दों के उच्चारण और ध्यान से हम सुपथ पर अग्रसर होने हेतु ईश्वर से पवित्र मार्गदर्शन की कामना करते हैं।

धियो यो नः प्रचोदयात् के द्वारा हम उस सृष्टिपालक परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह हमारी बुद्धि और मन को श्रेष्ठ और उत्तम कर्मों में लगाए।

After realizing all the inherent qualities of God, we pray **Ṱaṯsaviṯur vareṇyam.** Saviṯā is the Celestial Creator of the universe, Benefactor, Promoter and Divine Inspirer. May we act wisely on the righteous path!

Vareṇyam : By Vareṇyam we submit, accept, adore, acknowledge, and revere God who is worthy of worship.

Bhargo ḏevasya ḏhī mahi : By saying these words, we ask the Glorious, Illuminating, Omniscient God to remove ignorance by purifying and enlightening each of us.

Ḏhimahi : By reciting Ḏhimahi, we pray to and meditate on the Divine, Illuminating, Brilliant Source of Power for attaining enlightenment. This helps us to keep on the righteous path. Meditating upon and reciting these words, we invoke God' s divine blessings to keep us and guide us on the virtuous path.

Ḏhiyo yo naḥ prachoḏayāṯ : By saying 'Ḏhiyo yo naḥ prachoḏayāt,' we pray to God to enlighten and guide our intellect towards righteous and virtuous deeds.

१०

गायत्री जप विधि

ईश्वर के शुद्ध और प्रमुख नाम 'ओ३म्' सहित महाव्याहृतियों की अभिव्यक्तियों द्वारा गायत्री मंत्र ईश्वर की अद्वितीय विशेषताओं की व्याख्या करता है। इसलिए यह ईश्वर की स्तुति अथवा प्रार्थनोपासना का सर्वोत्तम साधन है।

सावधानियां : गायत्री मंत्र बोलते समय इसके अर्थ का मनन करते रहना चाहिये। धीमी आवाज में बोलते हुए अर्थ पर ध्यान रखते हुए जप करना प्रार्थनोपासना की प्रारम्भिक विधि है। फिर बिना आवाज के केवल मन में बोलें, पर अर्थ पर ध्यान बना रहे। इसके बाद न आवाज़ हो, न होठ चलें, केवल जीभ अन्दर चले, और अर्थ पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, जप करते रहें। फिर ऐसी स्थिति में आकर जप करें, कि न तो आवाज़ हो, न होठ चलें, न जीभ चले, बस मन में गायत्री मंत्र का जप होता रहे, और साथ ही मन में इसका अर्थ गूंजता रहे। इस तरह मन में बार-बार सुनकर इस मंत्र का अर्थ समझकर ही इसका जप करें। अर्थात् जितनी बार जपना हो, शुद्ध एवं विधिपूर्वक ही जप करें। प्रतिदिन निश्चित समय पर सुबह और सायं समय निकाल कर कुछ देर श्रद्धापूर्वक इस प्रकार जप करें। परमेश्वर की कृपा, प्रेरणा, मार्गदर्शन और आनंद की प्राप्ति का आपको अनुभव होने लगेगा।

सुझावः अनुभवी गुरू अथवा योगाभ्यासी से व्यगतिगत सम्पर्क कर, इस विधि को सीखना अधिक सरल और उपयोगी हो सकता है।

10

Gāyaṭrī Meditation

Gāyaṭrī Manṭra is the perfect manṭra as it comprises the prime and pure name of Brahman, God, or ' Om/Aum' . It further describes God' s unique characteristics through the expressions of Mahāvyāhṛṭis. Thus, it is recognized as the supreme mode of invoking God.

Important Considerations: During recitation, the devotees must keep the inner meaning of Gāyaṭrī Manṭra in mind. Reciting slowly and calmly at a lower pitch is the first stage of invocation. Then, reciting just within the lips and without generating any audible voice, while continuously concentrating on its meaning is the next stage. The subsequent stage is the ideal stage when the lips are locked. At this stage the devotee concentrates on the deeper meaning of the Manṭra. A short melodious echo is generated in mind for each and every letter of the Manṭra. In this way, one needs to recite Gāyaṭrī Manṭra regularly at a definite time, ideally in the early hours of the morning. Thus, one shall experience greater inner peace of mind, infusing inspiration for righteous activities, and achieving the ecstasy or bliss of God.

Suggestion: It can be more beneficial and practical if one learns from an experienced and knowledgable person such as a Guru or a Yogi.

११

शंका तथा समाधान

गायत्री मंत्र न तो रहस्मय है और न ही अन्य वैदिक मंत्रों से अधिक श्रेष्ठ। वास्तव में गायत्री मंत्र वह प्रार्थना है जिससे मन शुद्ध होता है। इस चिन्तन प्रक्रिया द्वारा प्राप्त विवेक से सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। बिना अर्थ समझे केवल मात्र तोते की भाँति कई बार रटने में कोई उपयोगिता नहीं है, जैसे कि कुछ लोग अपने दुःखों से मुक्ति प्राप्त करने या इच्छाओं को पूरा करने के लिए करते हैं। गायत्री मंत्र चारों वेदों में निहित कुल २०,३४६ मंत्रों में से एक है। अतः मात्र इस मंत्र को वेदमाता कहना उचित नहीं हैं।

अथर्ववेद के जिस मंत्र के आधार पर कुछ भ्रमित व्यक्तियों ने गायत्री मंत्र को वेदमाता की संज्ञा दी है, वह मंत्र पूरे वैदिक ज्ञान को लक्षित करता है, न कि केवल मात्र गायत्री मंत्र को। सत्य अन्वेषकों के लिए उपर्युक्त मंत्र प्रस्तुत है :

स्तुता मया वरदा वेंदमाता प्रचोंदयन्तां
पावमानी द्विजानांम्।
आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविंणं ब्रह्मवर्चसम्।
मह्यं दत्त्वा व्रंजत ब्रह्मलोकम्।।

अथर्व० . १९.७१.१

11

Misconceptions and Clarifications

Gāyaṯrī Manṯra is neither mystic nor superior to the other Veḏic Manṯras. It is of no value to repeat this Manṯra numerous times without understanding its meaning, such as some people do in order to get rid of certain ailments or to fulfill certain desires. In reality, the Gāyaṯrī Manṯra is a prayer to purify the intellect and to guide the superior intellect in the right direction. Gāyaṯrī Manṯra is one of the 20,349 Manṯras of all the four Veḏas, hence the verse cannot be said to be the mother of Veḏas, or Veḏamāṯā.

Due to ignorance some people have called Gāyaṯri Manṯra as Veḏamāṯā, or the mother of the Veḏas, on the basis of a Manṯra of Atharvaveḏa. For truth-seekers authentic Manṯra is quoted here :

Sṯuṯā mayā varaḏā veḏamāṯā prachoḏayanṯām
pāvamānī ḏvijānām |
āyuḥ prāṇam prajām paśum kīrṯim ḏraviṇam
brahmavarchasam |
Mahyam dṯṯavā vrajaṯa brahmalokam ||
Atharv. 19.71.9

वैदिक ज्ञान माता के समान पथप्रदर्शक है । हम उसकी प्राप्ति की कामना करते हैं। यह ज्ञान प्रेरणा दायक एवं पथ-प्रदर्शक है। तथा मानव-मात्र को सदाचरण की ओर ले जाने वाला है। ज्ञान के ग्रहण एवं धारण करने से व्यक्ति को स्वास्थ्य, आयु, संतति और संपत्ति, तथा ब्रह्म-तेज की प्राप्ति होती है। वैदिक ज्ञान द्वारा किया गया ईश्वर-साक्षात्कार हमें मोक्ष पथ का पथिक बना देता है।

गायत्री मंत्र को कोई भी आकृति प्रदान करना केवल अज्ञान को बढावा देना है, तथा इसमें निहित उज्ज्वल ज्ञान के पूर्ण विपरीत है, इसके अतिरिक्त किन्ही भी प्रामाणिक वैदिक शास्त्रों में इस आशय के प्रमाण भी नहीं मिलते। अतः गायत्री मंत्र की स्त्रैण कल्पना अथवा स्त्री की आकृति देने का प्रश्न ही नहीं पैदा होता। वास्तव में गायत्री को एक मूर्ति अथवा प्रतिमा का रूप देने का प्रयास ईश्वर की विभिन्न विशेषताओं को प्रतिबन्धित करना है। जैसे किसी को भी पुरुषार्थ, कर्म तथा ज्ञान के अभाव में लक्ष्मी अथवा सरस्वती की मूर्ति अथवा तस्वीर धनवान् अथवा विद्वान् नहीं बना सकती, उसी प्रकार से केवल गायत्री की तस्वीर अथवा मूर्ति किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करा सकती, उसी तरह किसी की बुद्धि को भी सन्मार्ग पर नहीं चला सकती। विश्व में आधी से ज्यादा जन संख्या इसाई और इस्लाम लोगों की है जो मूर्तिपूजा नहीं करते, पर न ही वे कंगाल और न ही वे मूढ़ हैं। मूर्तियाँ अंधविश्वासों पर आधारित भ्रान्तियों की जनक हैं जो कि ईश्वर के कार्यों एवं गुणों का यथावत् निरुपण नहीं करती। हमें ईश्वर तथा गायत्री मंत्र के विषय में फैली भ्रान्तियों को दूर करना होगा।

Superb Veḍic knowledge is just like our mother; we aspire for that knowledge. This knowledge is the greatest source of inspiration and guidance that leads the whole of humanity towards benevolence, or beneficial acts. By imbibing and implementing these thoughts in life, one becomes free from day to day tension. This first step towards peace is to purify the mind. This very basis of a tension-free life style leads to longivity; sound health, superb parental skills, and proper use of intellectual power for furthering prosperity. Ultimately, one enables the intellect of God realization or emancipation.

There is no authentic Veḍic scriptural reference that gives any form to a Manṭra. To give a forṃ to any Manṭra, or in this case to Gāyaṭrī Manṭra is merely a propagation of ignorance and is contrary to its teaching. The question of giving a female form to Gāyaṭrī Manṭra does not even arise. In fact making a statue of Gāyaṭrī Manṭra restricts the qualities of God. Statues perpetuate dogma based on blind faith, further distorting, and misrepresenting God' s functions and attributes. Just as a statue of Saraswaṭī cannot make any student pass an examination without studying and putting in hard work, similarly a picture of Lakshmī cannot make any one rich in the absence of Puruṣārtha, or goal directed, productive, intelligent work. Similarly, statue of Gāyaṭrī cannot lead or guide intellect in the proper direction. Half of the world' s population is comprosed of Christians and Muslims, who neither worship statue nor any idol, yet not all of them are indigent, or illiterate. We need to correct all these misrepresentations concerning God and Gāyaṭrī.

तथा ईश्वर साक्षात्कार के उचित साधनों एवं माध्यमों को खोज कर अपनी संस्कृति के प्रतीकों की समीचीन व्याख्या करनी होगी। हमें मिथ्यातत्व से सत्य की रक्षा करनी होगी। अपने धर्म एवं शास्त्रों के प्रक्षेपों को रोकना होगा। हमें सही व्याख्या तथा उसके सामाजिक प्रभाव के मध्य व्यावहारिक संतुलन बनाकर एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण तथा मानवता के कल्याण के लिए कार्य करना होगा।

इस विकृत व्याख्या ने कट्टरपन से उन्मत्त लोगों की एक सेना खड़ी कर दी है। सच्चे-जिज्ञासु इन विकृतियों एवं भ्रान्तियों का उन्मूलन करने हेतु प्रहरी समूहों का निर्माण करेंगें। एक आदर्शवादी संस्कृति के परिवेश में जितना अधिक इन विकृतियों को स्थान मिलेगा, समाधान उतना ही कठिन होता जाएगा। गायत्री मंत्र के सही अर्थ का प्रचार-प्रसार कर जन-शक्ति जुटानी होगी।

'पराया समूह' अथवा 'ढोंगी लोगों' द्वारा प्रचारित भ्रान्तियों ने गायत्री मंत्र के सही अर्थ को धुंधला कर दिया है। हमें आवश्यकता है इन सभी ढोंगी जनों को जनसामान्य के समक्ष विवेचना हेतु कटघरे में खड़ा करने की, जो अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु भ्रान्तियों का जाल फैला सच्चाई को काल्पनिक रूपों में प्रतिस्थापित करते हैं।

क्या इन सबके चलते हम अपनी संस्कृति, धर्म और मूल ग्रन्थों को और अधिक विकृतियों से बचा पाएगें? ऐसा जान पड़ता है अब समय आ गया है कि जब हमें गायत्री मंत्र के सच्चे अर्थों का प्रचार कर इन 'ढ़ोंगियों' के जनता में बढ़ते कुप्रभाव को निरस्त करना ही होगा।

The methods for realization of God and proper interpretations of the symbols are to be addressed. One needs to guard against truth becoming marred by myth. Every one is to guard against Ḍharma, or pious scriptures becoming polluted. One has to work for a practical balance between right interpretation and its social impact in order to work for a more enlightened society or to uplift humanity.

This distortion has certainly created a strong lobby and an army of religious followers' zealots and pariahs, who follow distorted perceptions. Truth seekers and victims of distortion vent their frustrations and may help create watchdog groups. For true explorers of truth the resolution of distortions or further prevention of this enmeshment is of paramount importance. The more one thinks about these distortions in a puritanical culture, the more elusive the answer becomes. It has further blurred the distinction between the real interpretation of Gāyaṭrī Manṭra and utopia. Scholars and future generations will have to subject them to public scrutiny and to weed out the worst distortors and distortions that are bent to make a myth, a bad dream out of reality. The result is a hopelessly contradictory scheme in which truth has been marred as myth and is celebrated.

Is it possible to prevent further pollution of Hinḍu religion, Ḍharmic and pious scriptures and cultures in the years to come? Yes, we will have to work hard to build public pressure in order to correct this misinterpretation and the dubious presentation of pariahs, by telling the true meaning of Gāyaṭrī Manṭra. It seems a practical balance between the right interpretation and its social impact is to be achieved at this time.

अज्ञान विकृतियों का जनक है। लोकतान्त्रिक, धार्मिक एवं सभ्य व्यवस्था के अन्तर्गत हिन्दुओं की श्रेष्ठ शिक्षा ही ज्ञान का एकमात्र साधन है। इसकी काल परीक्षा हो चुकी है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचारों को व्यक्त करने की पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाती है। जबकि व्यक्तिगत विचारों को व्यक्त करने की स्वतन्त्रता का सेमिटिक धर्मों जैसे कि इसाई और इस्लाम में सर्वथा अभाव है। इनके अनुगामियों को गिरिजाघर के निर्देशों अथवा कुरान के सख्त आदेशों का पालन अवश्य ही करना होता है। अन्यथा उन्हें गिरिजाघर द्वारा बहिष्कृत अथवा इस्लामिक जिहाद अथवा फतवों के द्वारा ध्वस्त कर दिया जाता है। वैदिक धर्म से उत्पन्न सभ्यताएं, हिन्दू धर्म एवं अन्य धर्मों का समानता के आधार पर आत्मसंरक्षण के लिए विचारों की स्वतन्त्रता के प्रति दृष्टिकोण अधिक मानवतावादी एवं उदार है। लेकिन इस उदार व्यवस्था के माध्यम से विकृतियों को बढ़ावा देना उदार व्यवस्था का दुरुपयोग ही है।

ऐसी अवस्था में सत्य के प्रखर प्रवक्ता, जो शाश्वत सत्य की स्थापना के प्रति समर्पित हैं, मात्र मौन धारण कर निष्क्रिय नहीं बने रह सकते। शाश्वत सत्य की स्थापना हेतु महानुभावों को सही अर्थों को अपने जीवन में उतार कर उसे अनुभूत कर उसका प्रचार -प्रसार अवश्य ही करना होगा। अतः यह स्पष्ट है कि भटके हुए लोगों को सही शिक्षा प्रदान कर सच्चे सीधे मार्ग पर पुनः लाया जा सकता है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति-हेतु गायत्री गरिमा की रचना उन सभी महानुभावों को समर्पित है जिनका लक्ष्य 'सर्वत्र व सबके लिए' सत्य का प्रचार करना है।

Ignorance breeds ignorance. In a civilized, democratic, religious, or Dharmic society the appropriate education of Hindus is the only proven means to enlightenment. This has stood the test of time. Education gives every human being the freedom to express him/her self. Freedom to express the self is non-existent in rigid sects of Semitic religions, like Christianity and Islam, which demand strict adherence to the dogmas of the church and literal rendering of their scriptures. People get ostracized or killed for deviating from their norms and having an independent thought.

The Hindu civilization has sprung forth several streams of thought or Sampradāyas, or sects. Having their origins in the Vedic Dharma, these streams of thought or Sampradāyas, or sects, take a more liberal and humanitarian view in allowing freedom of expression. But, distortion is an abuse of the system and adulteration is threatening to skewer the whole system away from the great ideals of the original Vedic, or Sanāṭan, or Hindu religion. Intellectuals who are ardent advocates of truth and dedicated to relentless pursuit of truth cannot stay in dark by merely keeping silence. Truth must be told, explored, and experienced in order to realize the reality of ultimate divine truth. Those who have deviated from the path of truth due to ignorance are to be brought back to the illuminating fold of truth through education. In order to fulfill this goal, the glory of Gāyaṭrī is brought forth for those who care for the truth to be known by all.

१२
भ्रान्तियाँ एवं तथ्य

भ्रान्ति : गायत्री मन्त्र हमारी सब समस्याओं का समाधान हैं।

तथ्य : गायत्री मंत्र एक प्रार्थना विशेष है जो जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु हमें निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है। लेकिन इस मन्त्र से सब समस्याओं का सार्वदेशिक तथा सार्वभौमिक निदान सम्भव नहीं है। 'मन्त्र' शब्द का अर्थ है – उसमें निहित भाव को आत्मसात् करने के लिए उस पर बार-बार गहन चिन्तन एवं मनन करना। पर अपनी समस्याओं, दुःखों और विपत्तियों पर विजय प्राप्त करना पुरुषार्थ अथवा परिश्रम के अभाव में संभव नहीं हैं।

भ्रान्ति : मंत्र की शक्ति से कोई कुछ भी प्राप्त कर सकता है।

तथ्य : लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विचार को योजनाबद्ध रूप से कर्म में परिवर्तित करना होगा तथा सांधनों का सही सदुपयोग करते हुए व्यक्ति लक्ष्य के निकट पहँुच सकता है। मंत्र एक चिन्तन प्रक्रिया है। केवल चिन्तन मात्र से लक्ष्य प्राप्ति नहीं हो सकती। यथार्थ की सिद्धि काल्पनिक लोक में रहने से नहीं होती। कल्पना यथार्थ नहीं है। कल्पना को सत्य में बदलने के लिए सच्चे प्रयत्नों की आवश्यकता है।

12

Myths and Facts

Myth : **Gāyaṯrī Manṯra is the remedy for all ailments!**

Fact : Gāyaṯrī Manṯra is the prayer that can help guide our judgement to undertake diligent, or hard work, to plan and overcome life' s problems. The word Gāyaṯrī means to pray and sing the glory of God to guide our intellect in righteous direction, to help solve the problems and the miseries of life. But it cannot be said to be a universal remedy for all ailments in the absence of Puruṣārtha, or diligent work.

Myth : **By the power of Manṯra one can achieve any thing!**

Fact : Manṯra is a thought process. Just thinking on something, a goal cannot be fulfilled. For fulfillment of goal, one has to translate the thought process into action along with right planning and the right utilization of resources. Then one may come closer to achieving the desired goal. Reality does not come out of fantasy. Fantasy is not reality and efforts are needed to make fantasy a true reality.

भ्रान्ति : श्रम से योजना बनाने पर गायत्री मंत्रकी साधना की कोई आवश्यकता नही है।

तथ्य : गायत्री मंत्र का जप करने से आत्मशान्ति उत्पन्न होती है तथा स्वयं का अभिमान चूर चूर होता है, जागृत विवेक योजना को भलिभँ ाति कार्यविंत कर सफलता पूर्वक लागू कर लाभाविंत होता है।

भ्रान्ति : क्या गायत्री मंत्र का जप करने से प्राणों की रक्षा हो जायेगी!

तथ्य : केवल गायत्री जप करने से प्राणों की रक्षा नहीं हो सकती, कारण गायत्री मंत्र तो केवल प्राणों के सन्मार्ग का द्योतक है, जब तक मनुष्य उस सन्मार्ग पर नहीं चलेगा तब तक प्राणों की रक्षा कौन करेगा।

भ्रान्ति : गायत्री जप सगुण तथा निर्गुण दोनों रूपों में किया जा सकता है।

तथ्य : गायत्री का रूप न तो सगुण है और न ही निर्गुण। गायत्री मंत्र के पूर्वोक्त अर्थानुसार गायत्री का कोई रूप नहीं है। सगुण व्याख्या, 'स' का अर्थ गुण अथवा रूप सहित, अर्थात् ईश्वर के गुणों को ध्यान में रख कर उपासना करना। सगुण उपासना में ईश्वर के गुणों, रूपों आदि का स्मरण कर उपासना की जाती है।

Myth: No one needs Gāyaṯrī Manṯra if one plans diligently!

Fact: Gāyaṯrī Manṯra meditation sublimates ego energy, by calming self. This provides peace of mind, which frees intellect from tension. Thus the peaceful mind can function more conducively. The inner strength received with the help of God illuminates the intellect. That helps gather resources and aids in solving the problems more effectively.

Myth: Can any one safe guard one self through Gāyaṯrī Manṯra!

Fact : Gāyaṯrī Manṯra per se cannot protect self. It illuminates our minds and this helps intellect to seek right direction, growth, and alternatives for problem resolution and protection.

Myth : One can pray Gāyaṯrī either in Saguṇa or in Nirguṇa form.

Fact : Gāyaṯrī has neither Saguṇa nor Nirguṇa form. As per the detailed meaning of Gāyaṯrī given earlier, Gāyaṯrī has no form. Saguṇa and Nirguṇa are made up of two words Sa + guṇa. Sa means with qualities, therefore Saguṇa Upasanā is that form of prayer where one focuses on the various attributes of God, such as Omnipresence and Omniscient.

'निर्गुण' व्याख्या, 'नि' का अर्थ रहित, अथवा गुण रूप रहित। ईश्वर के जो रूप, गुण नहीं हैं, उन गुणों अथवा रूपों से परे जान कर ईश्वर की उपासना करना निर्गुण उपासना कहलाती है, जैसे ईश्वर न जन्म लेता है और न ही मरता है, कारण ईश्वर अजर, अमर, अजन्मा, नित्य, निराकार है।

'निर्गुण उपासना' में ईश्वर की अजर, अमर, अजन्मा, विशेषताओं और प्रभु की सर्वव्यापक सत्ता का ध्यान करते हुए उपासना की जाती है। अर्थात् इन्द्रियजन्य अनुभूतियों से परे ईश्वर परम चेतन है, उसका अनुभव करना निर्गुण उपासना है। यह पातञ्जल अष्टांग योग की साधना द्वारा सम्भव है।

भ्रान्ति : गायत्री मेरा इष्ट देव है।

तथ्य : जीवमात्र का इष्ट देव केवल ईश्वर होता है। इष्ट का अर्थ है– परमेश्वर एवेष्टदेवोऽस्ति। समस्त जगत् में उपासना के योग्य केवल मात्र ईश्वर ही है। अतः गायत्री को इष्ट देव के रूप में स्थापित करने का कोई औचित्य नहीं बनता। वास्तव में गायत्री मन्त्र का ध्यान ही वह विधि है जिससे कि हम अपने इष्ट अर्थात् उस सर्वोपरि सत्ता को अनुभव कर सकते हैं। गायत्री इष्ट देव द्वारा प्रदत्त साधन हैं। ध्येय नही। ध्येय तो वही सृष्टि कर्ता इष्ट देव ईश्वर है।

Nirguṇa means, ' Nir' : without guṇa, or attributes. In Nirguṇa Upasana God is worshipped as devoid of attributes, such as birth and death, as God is devoid of birth and death. Therefore, God is called Immortal and Eternal, ' Ajar' and ' Amar' .

In Nirguṇa Upasana form of prayer, focus is on the universal consciousness, which is devoid of characteristics that are not present in God, as they are beyond the sensory perception. God is superconscious and can be realized through Pātanjala Aṣtāng Yoga meditation.

Myth : **Gāyaṯrī is my Iṣtaḏeva.**

Fact : The only Iṣtaḏeva for all souls is God. The meaning of Iṣtaḏeva is the ' main God' ; **"Parmeśvar Eveṣtaḏevo' sṯi"** it means there is only ' One worthy of worship' , that is God. Therefore, the question of Gāyaṯrī as Iṣtaḏeva doesn't arise.

It is the meditation on Gāyaṯrī Manṯra that leads us to Iṣtaḏeva. Gāyaṯrī Manṯra is an instrument that leads to Iṣtaḏeva. Gāyaṯrī Manṯra is not the goal, it is a medium, Iṣtaḏeva is the goal.

१३

दैनिक जीवन में व्यवहारिक महत्त्व

• जीवन में सफल एवं साहसिक कदम उठाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सद्विवेक, उचित मार्गदर्शन तथा निर्णय की आवश्यकता होती है। गायत्री मंत्र एक ऐसा मन्त्र है जो कि आपत्ति, असमंजस की स्थिति तथा विपरीत परिस्थितियों में बुद्धि का सही मार्गदर्शन करता है। यही कारण है कि गायत्री मन्त्र किसी भी अवसर के लिए अत्यधिक उत्तम मन्त्र है।

• गायत्री मंत्र एक ऐसा सामान्य मंत्र है, जिसका ध्यान प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन बिना किसी जाति, लिंग, आयु, रंग, देश तथा धार्मिक भेदभाव के कर सकता है। इस वैदिक ज्ञान को मानवता के लिये धरोहर के रूप में संम्हाल कर रखनें वाले प्राचिन वैदिक ऋषि ही हुऐ ।

• साधना के अन्य लाभ जैसे भावनाओं पर नियत्रंण एवं आत्म शांति की प्राप्ति, मानसिक चिंता का हरण, विचारों के उलझन की समाप्ति, इत्यादि, गायत्री मंत्र की साधना के साथ साथ स्वतः ही प्राप्त होते हैं। तथा व्यक्ति विशेष कल्याण के मार्ग पर अग्रसर होता है।

• कुछ प्रदेशों, राष्ट्र ों, समुदायों और संस्थाओं में जिनमें व्यक्ति विशेष की प्राथमिकताओं और भावनाओं के विरूद्ध किसी पंथ विशेष की प्रार्थनाओं को बलपूर्वक लागू किया जाता है, ऐसी परिस्थितियों में साधक के पास गायत्री मंत्र जप ही एकमात्र विकल्प शेष रहता है, जिसके द्वारा वह अपने विवेक को जागृत कर उन विकट परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकता है।

• गायत्री मंत्र के जप द्वारा आक्रोष, द्वेष, आत्म ग्लानि पर विजय प्राप्त कर मनुष्य अपने को मानव सेवा में अर्पित करता है।

13
Practical significance in daily life

- In order to undertake a successful adventure in life, one needs proper guidance, intellect, and judgement. The Gāyaṭrī Manṭra is that Manṭra which guides the intellect in adverse, conflicting and difficult circumstances. Therefore, the Gāyaṭrī Manṭra is the most appropriate Manṭra for any occasion.
- Gāyaṭrī Manṭra is a simple Manṭra that can be used daily by all, without any distinction of age, ethnicity, group, race, sex, or religious affiliation. It happened to be the ancient Vedic people, or now generally called Hindus, who carried and preserved the divine heritage for the humanity.
- One also enjoy the added benefits of meditation through Gāyaṭrī, such as improved concentration and judgement, better control of anxiety and emotions, development of firm determination and self-esteem, reduction of ambivalent decisions regarding uncertainties of life, and ultimately the achievment of inner peace, and prosperity.
- In countries and in schools where sectarian prayers are forced upon the students, and other areas where there is no freedom of expression, then one may meditate upon Gāyaṭrī Manṭra. It is the only alternative left for the invocation of God to guide one' s intellect in the right direction to improve one-self, and to act wisely in these adverse conditions.
- Gāyaṭrī Manṭra meditation helps calm down the agitated mind, prevents the development of hate-the root cause of all destruction, and substitutes solace in the service of all human kind.

१४

गायत्री मन्त्र का वैज्ञानिक महत्त्व

वेद के गायत्री मन्त्र एवं गायत्री छन्द के विषय में कुछ जानने से पहले 'वेद' एवं छन्द' के स्वरूप से परिचित होना नितान्त आवश्यक है। 'वेद' ब्रह्मण्ड की उत्पत्ति के ज्ञान की ऋषियों द्वारा अनुभूति का परिणाम है। जिस प्रकार सृष्टि त्रिविधात्मक है, उसी प्रकार वेदों का विषय भी त्रिविध - आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक सृष्टि की उत्पत्ति है। वेदों का संरचनात्मक ढांचा भी इस सृष्टि के किसी न किसी पहलू का प्रतिनिधित्व करता है। मंत्र यदि वेद की आत्मा या सार को अभिव्यक्त करते हैं तो 'वैदिक छन्द' उनके संरचनात्मक ढांचे का परिचय देते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो छन्द वेद मन्त्रों का शरीर हैं।

